## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक संपन्न



**मैहर।** ईद के त्यौहार को लेकर मैहर जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड और पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना मैहर प्रांगण में संपन्न हुई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश वैश्य,तहसीलदार मैहर जितेंद्र पटेल एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के बायपास के पास शुक्रवार रात बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी शिवरतन पिता विशंभर सिंह 30 और सर्रा कटारिया गांव निवासी अनिल पिता विजय साहू 38 बाइक से किसी कार्य से कटनी आए थे। रात में वापस अपने घर जाने के दौरान बड़वारा बायपास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को बड़वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दोनो को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। लेकिन शिवरतन सिंह की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि अनिल साहू की हालत गंभीर होने के कारण उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्ट्रेट में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने आगामी मानसून एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, आपदा नियंत्रण कक्ष (बाढ राहत) क्रमांक 99 को 15 जून से 24बाय 7 संचालित करने के निर्देश दिये है। कंट्रोल रूम का नंबर 07622 220071 है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 में अपर कलेक्टर (नोडल अधिकारी) एवं दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर इनके मार्गदर्शन में अवकाश दिवसों शनिवार एवं रविवार को तीन शिफ्ट मे 6 कर्मचारियों की आगामी आदेश पर्यन्त तक डयूटी लगाई जाकर निर्धारित दिवस व समय अनुसार डयूटी में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है। आपदा नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को नियमित रूप से निर्धारित दिन एवं समय में डयूटी पर उपस्थित रहनें तथा ड्यूटी पर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कि विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है। संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समयानुसार अगले पाली के दल को रजिस्टर पंजी एवं अन्य जानकारी से सूचित करने के बाद भी आपदा नियंत्रण कक्ष छोडनें, बाढ़ आपदा की समस्त जानकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक सहायक नोडल अधिकारी लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सूचित करेंगे तथा समय-समय पर डीसीसीसी सुपरवाईजर को भी अवगत करानें हेतु निर्देशित किया गया है।

### जिले के चार परीक्षा केन्द्रों में 23 जून को

**कटनी।** मप्र लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगी।

## आधी रात रीवा रोड पर सरेआम गुंडागर्दी

# युवकों को घेर कर पीटा



**घायलों को गंभीर चोट, अस्पताल में किया जा रहा है इलाज**

कोलगवां थाना क्षेत्र के रीवारोड इलाके में बीती रात कर सवार युवकों ने दो गाड़ियों का पीछा किया और घेरकर कार में बैठे युवकों पर कातिलाना हमला करके घायल कर दिया। घायलों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उनका इलाज किया।







सतना।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह विवाद कार को ओवरटेक करने को लेकर बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी शुयश अग्रवाल पिता शियाशरण अग्रवाल उम्र 24 वर्ष निवासी अमोधा वार्ड न.01 थाना सिविल लाईन अपने साथी भास्कर सिंह बघेल पिता भारत सिंह बघेल निवासी विराट नगर थाना सिविल लाईन एवं भानू प्रताप सिंह चौहान,प्रभाकर सिंह,सुआंजली सिंह के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रायवेट काम करता हूँ। मैं भास्कर सिंह बघेल,सुआंजली सिंह तीनों लोग अल्टो कार से कारगिल ढाबा खाना लेने के लिये गये थे। कारगिल ढाबा से खाना लेकर जैसे ही रात्रि समय करीबन 11.50 बजे ही सेमरिया चौराहा का ब्रीज चढने लगे तभी पीछे से यश सचदेव निवासी पुष्पराज कॉलोनी थाना कोतवाली,तनमय राजछत्तानी,गौरव बाधवानी,यश सीरवानी अपनी अलग अलग गाड़ी से आये और गाड़ी दबाने लगे तो मैं अपनी गाड़ी धीरे कर लिया फिर हम लोग जैसे ही कामना मोबाइल दुकान के सामने भरहुत नगर मोड़ पहुंचे तभी चारों लोग अपनी अपनी गाड़ी से उतरकर गालियां देते हुए मुझे मारपीट करने लगे इतने में मेरा दोस्त भास्कर सिंह बघेल,प्रभाकर सिंह,भानू प्रताप सिंह बीच बचाव किये तो भास्कर सिंह को भी मारे और बोले कि दुबारा जान से मार देंगे। मारपीट से मेरे दाहिने आँख में सूजनदार चोट,गर्दन में छीलनदार चोट,भास्कर सिंह बघेल को गर्दन के पास छीलनदार चोट एवं पीठ में दर्द है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 294,323,506 और 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ऑल्टो कार का कांच तोड़ा

घायलों के परिजनों ने बताया कि मारपीट करने वाले आरोपियों ने फोन करके अन्य लड़कों को बुला लिया। लगभग 25-30 लड़कों ने उन्हें मारना पीटना चालू कर दिया और उसकी गाड़ी ऑल्टो के साइड के कांच पत्थर पटककर तोड़ दिए तभी हर्ष को उसके मित्र भास्कर ने वहां से तुरंत जाने के लिए कहा चूंकि युवक ज्यादा थे,हर्ष के गाड़ी में बैठते ही युवको ने उसकी ऑल्टो कार के आगे के शीशे में बड़ा सा ढोका उठाकर तेजी से पटका जिससे कांच टूट कर हर्ष की दांए आंख में पत्थर सहित गिरा और आंख गंभीर रूप से चोटिल हो गई,हर्ष वहां से अपनी चोटिल आंख पर कपड़ा बांधकर अपने दूसरे मित्र हिमांशु और स्वरांजली के साथ घर आ गया। मामला गंभीर होते देख रात्रि लगभग डेढ़ बजे आरोपियों ने अपने को बचाने और सही साबित करने हेतु सतीश सुखेजा चेंबर अध्यक्ष के साथ पचासों युवकों ने थाने पहुंच कर हर्ष और अन्य के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई।



## बगीचे में बेहोश मिली नाबालिग लड़की का पुलिस ने दर्ज किया बयान

**सतना।** जैतवारा थाना क्षेत्र में बगीचे में बेहोश और निर्वस्त्र मिली एक नाबालिक लड़की का पुलिस ने बयान दर्ज कर लिया है। अब मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मालूम हो कि नाबालिक लड़की के शरीर पर चोट के निशान थे। लड़की को फिलहाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार दोपहर में लड़की के चचेरे भाई ने उसे निर्वस्त्र हालत में बेसुध बगीचे में पड़ा देखा। जिसके बाद उसने परिजन को सूचना दी। परिजन डायल 100 की मदद से उसे कोठी के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए सतना जिला अस्पताल भेज दिया। नाबालिग को जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में ले जाकर उसकी जांच कराई गई है।उसे होश भी आ गया है। उसके बयान लेने के लिए महिला पुलिस अधिकारी को बुलाया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल,जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय लड़की के माता-पिता किसी काम से दूसरे गांव गए थे। घर पर बेटी अकेली थी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे चचेरा भाई बगीचे की तरफ गया तो वहां आम के पेड़ के नीचे नाबालिग बेहोशी की हालत में पड़ी मिली।उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। जगह-जगह चोट लगी थी। पुलिस बोली-कपड़े थे,लेकिन फटी हालत में इधर,घटना की सूचना मिलने पर जैतवारा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पवन शुक्ला का कहना है कि सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिग को थाना ले आई थी। यहां भी वह बेहोश थी। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिग निर्वस्त्र तो नहीं थी,लेकिन उसके कपड़े फटे थे और शरीर पर चोट के निशान भी थे।

## धूमधाम से मनाया गया गंगा दशहरा, चित्रकूट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सतना।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर पतित पावनी मंदाकिनी गंगा में स्नान,ध्यान,पूजा-अर्चना के लिये लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं द्वारा प्रातःकाल गंगा में स्नान करने के उपरांत सूर्यदेव को अर्ध्य देने के साथ मां गंगा एवं माता गायत्री की विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना उपासना की गई। इसके बाद गंगा जल को हाथ में लेकर साधकों ने व्रत का संकल्प लिया। ऐसा करने के बाद मां गंगा और भगवान शिव की उपासना विधि-विधान से की गयी। पूजा के दौरान मां गंगा को गंध,पुष्प,धूप,दीप इत्यादि अर्पित करने के साथ ही भगवान शिव को बेल पत्र,चंदन,भांग,धतूरा इत्यादि अर्पित किया। पूजा के दौरान मां गंगा के मंत्रों का जाप कर अंत में मां गंगा की आरती के साथ पूजा संपन्न की गयी। संध्याकाल में विशेष आरती का आयोजन किया जायेगा। रविवार को ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की शुरुआत हुई। इस तिथि का समापन 17 जून को सुबह 4.43 बजे होगा। गंगा दशहरा पर चित्रकूट में उमड़ा लाखों भक्तों का सैलाब महाआरती में शरीक होंगे अनेक संत - महंत,जगमगायेंगे मंदाकिनी के घाट पौराणिक कथाओं में गंगा नदी को देवी स्वरूप माना गया है। हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार,गंगा दशहरा पर्व के दिन ही माता गंगा का स्वर्ग से धरती पर अवतरण हुआ था। ऐसा माना जाता है कि गंगा दशहरा पर गंगा नदी के दर्शन,पूजन व स्नान से सभी पाप धुल जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार



ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हर साल गंगा दशहरा पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में मां गंगा को मोक्षदायनी के नाम से जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति मां गंगा में स्नान करता है,उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। मान्यता है कि इस विशेष दिन पर मां गंगा की उपासना करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती है।

### इसलिए मनाया जाता है गंगा दशहरा

एक जानकारी के मुताबिक ऋषि-मुनियों की प्यास को बुझाने के लिए माता सती अनुसुइया के तपोबल से चित्रकूट में मंदाकिनी गंगा का अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा के दिन लाखों श्रद्धालु चित्रकूट पहुंच पतित पावनी मां मंदाकिनी में स्नान करने के बाद भगवान श्री कामतानाथ जी का दर्शन पूजन करते हैं। जिससे उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस बार आस्था के सामने भीषण गर्मी बेअसर नजर आई।

**जल संरक्षण के लिए चलाये जा रहे अभियान का समापन आज**

## घाटों एवं तालाबों का किया निरीक्षण महापौर ने जल स्त्रोतों में की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश भर में 5 जून से 16 जून गंगा दशमी तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं जीणोद्धार हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने आज दिनांक 15 जून दिन शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत विभिन्न घाटों एवं तालाबों का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम मोहन घाट पहुंचकर घाट में जलकुम्भी सफाई, पिचिंग इत्यादी कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।इसके उपरांत कटाये घाट में चल रहे सफाई अभियान एवम कल दिनांक 16 जून गंगा दशमी में घाट में होने जा रहे गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थल निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### जल संरक्षण में भागीदारी की अपील

निरीक्षण के अगले क्रम में महापौर,निगम अध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद के द्वारा विभिन्न जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया,जिसमें अमीरगंज तालाब, एसीसी खदान नंबर 5,विवेकानंद वार्ड खेर माता मंदिर में स्थित जल स्त्रोत,वंशरूप वार्ड स्थित बावड़ी इत्यादि रहे।रामकृष्ण परमहंस वार्ड में स्थित छठ घाट में चल रहे गहरीकरण कार्य में महापौर, निगम अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान कर जल संरक्षण संवर्धन अभियान अंतर्गत योगदान दिया गया। महापौर ने नगर वासियों से जन संरक्षण हेतु जन जागरूकता एवं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

## जनप्रतिनिधियों ने पोषण किट का किया वितरण



सुपोषण अभियान के अंर्तगत शनिवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में शनिवार को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत तथा भा.ज.पा. जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुपोषित बच्चे (सेम एवं मेम) को पोषण किट का वितरण किया गया। शिविर के दौरान गर्मी एवं धूप के कारण बच्चों के हित में सभी शिविर में 15-20 बच्चे अपने माता पिता के साथ उपस्थित हुए, शेष किट आंगनवाडी कार्यकर्ता को प्रदान कर कुपोषित बच्चों के पास पहुंचाया गया। पोषण किट में दलिया, मिक्स दाल, मूंगफली, चना, सत्तू, गुड, आंवला कैन्डी, हॉर्लिक्स प्रदाय किये गये जो काफी प्रोटीन युक्त है माह जनवरी 2024 में 1021 बच्चों को किट प्रदाय किया गया था। जो कुपोषण कम होने के कारण 557 बच्चों को दिया गया है। किट वितरण में पूर्व से ही विभिन्न सामाजिक संगठन एवं एन.जी.ओ एवं अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित है।

## बकरीद त्योहार पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बकरीद के त्योहार पर मुख्य नमाज ईदगाह पर प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी, इसके अतिरिक्त कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत अन्य मस्जिदों में प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक नमाज अदा की जावेगी। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा बकरीद त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने हेतु विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बकरीद के त्योहार पर कटनी शहरी क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह, जामा मस्जिद, नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, अल्फर्ट गंज मस्जिद, मदरसा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद, झर्रा टिकुरिया मस्जिद, खरैनी फाटक मस्जिद, आर्डीनेस फैक्ट्री मस्जिद, मंगल नगर मस्जिद, अमीरगंज मस्जिद, रोशन नगर मस्जिद, एन.के.जे. मस्जिद, आयशा करमज मस्जिद, अहमद मस्जिद आदि स्थानों में नमाज अदा की जायेगी।

इस अवसर पर जिले के सभी नमाज अदा करने वाले मस्जिद स्थलों के आस-पास साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखने सहित कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना लाईन, प्रकाश एवं पानी इत्यादि के लिए व्यवस्था का दायित्व स्थानीय निकाय को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक व्यवस्था पर्याप्त पुलिस बल, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य चिकित्सक की ड्यूटी लगाने का दायित्व पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन को सौंपा गया है। जबकि बकरीद पर्व के मद्देनजर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल को सौंपा गया है।

इसी तरह मस्जिद के मार्ग में बैठे हुए आवारा जानवरों को हटाने हेतु नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन उचित व्यवस्था एवं कार्यवाही सुनिश्चित कराने का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर निगम तथा पुलिस विभाग को सौंपा गया है।

**खबर संक्षेप**

## विवाहिता को झांसा देकर साल भर से हवस का शिकार बनाता रहा रिश्ते का जीजा

*गर्भ ठहरने पर हुआ फरार, महिला ने अमानगंज थाना में दर्ज करवाई एफआईआर*

**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां एक विवाहिता को उसके रिश्ते का जीजा झांसा देकर साल। भर से हवस का शिकार बना रहा था और गर्भ ठहरने की जानकारी मिलने पर फरार हो गया जिसके बाद महिला ने अमानगंज थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस के द्वारा महिला को मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल पन्ना लाया गया लेकिन दूसरे दिन भी महिला का चेकअप नहीं हो सका जिससे महिला जिला अस्पताल पन्ना में डॉक्टर के इंतजार में बैठी रही, बताया गया है कि जिला अस्पताल पन्ना में सेकंड क्लास महिला डॉक्टर नहीं होने से दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं को मेडिकल चेकअप में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि फर्स्ट क्लास महिला डॉक्टर के द्वारा हाईकोर्ट के किसी आदेश का हवाला देकर एमएलसी करने से इनकार किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के बायपास के पास शुक्रवार रात बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी शिवरतन पिता विशंभर सिंह 30 और सर्रा कटारिया गांव निवासी अनिल पिता विजय साहू 38 बाइक से किसी कार्य से कटनी आए थे। रात में वापस अपने घर जाने के दौरान बड़वारा बायपास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो को बड़वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कलेक्ट्रेट में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने आगामी मानसून एवं वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, आपदा नियंत्रण कक्ष (बाढ राहत) क्रमांक 99 को 15 जून से 24बाय 7 संचालित करने के निर्देश दिये है। कंट्रोल रूम का नंबर 07622 220071 है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक-99 में अपर कलेक्टर (नोडल अधिकारी) एवं दिनेश कुमार विश्वकर्मा जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर इनके मार्गदर्शन में अवकाश दिवसों शनिवार एवं रविवार को तीन शिफ्ट मे 6 कर्मचारियों की आगामी आदेश पर्यन्त तक डयूटी लगाई जाकर निर्धारित दिवस व समय अनुसार डयूटी में उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है।

## जिले के चार परीक्षा केन्द्रों में 23 जून को

**कटनी।** मप्र लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने परीक्षाओं के सफल और सुचारू संचालन के लिये 23 जून को परीक्षा समय के दौरान परीक्षा केंद्रों सहित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय व जिला कोषालय कार्यालय में एवं गोपनीय सामग्री वितरण एवं जमा करें संबंधी आवश्यक कार्यवाही के दौरान विद्युत व्यवस्था निर्बाध रखने के निर्देश मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल कटनी के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री शहर एवं संभागीय यंत्री को दिये है। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 हेतु कटनी जिले सरस्वती श्री विष्णु वेद हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस स्टेण्ड, सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के.डी.सी, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# पॉलीटेक्निक के उन्नयन के स्थान पर इंजीनियरिंग महाविद्यालय खोलने के सपने कब होंगे साकार

## इंजीनियरिंग महाविद्यालय की घोषणा आज भी पूरी होने का कर रही इंतजार

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना की स्थापना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिए तकनीकि शिक्षा के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदानकरने के लिए वर्ष 1998 में एक ब्रांच मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट से हुई थी। जो 2009 में तत्कालीन प्राचार्य डॉ. आर.के. चौदहा के प्रयासों से इंजीनिरिंग (सी.ए.एस.सी.) प्रारंभ हुई। तथा वर्ष 2010 से इस संस्था को विशेष सहशिक्षा के रूप में प्रोन्नति किया गया। अब पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से उन्नत करके इंजीनियरिंग महाविद्यालय के रूप में तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा आज भी सपना ही बनी हुई है कब होगें सपने साकार सबको है इंतजार।

**पन्ना**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना सह शिक्षा के रूप में प्रोन्नति के रूप में जहां 1998 में पदों की स्वीकृति शासन द्वारा जो की गई थी उसमें एक प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एक, ब्याख्याता के तीन पद, कर्मशाला निदेशक के तीन पद, प्रयोगशाला तकनीशियन तीन, मुख्य लिपिक एक, लेखापाल एक, सहायक ग्रेड दो, भण्डार लिपिक एक, सहायक ग्रेड तीन




के दो पद, भृत्त का एक, वर्ष 2022 में कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच हेतु एक विभागाध्यक्ष, 6 ब्याख्याता के पद स्वीकृत हुए पर आज भी यह संस्था द्वारा सीमित संसाधनों के बावजूद वर्ष 1998 में से अभी तक कुल 23 बैच संस्था से उत्तीर्ण हुए जिसमें मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट के 614 विद्यार्थी जिसमें 410 छात्रायें 204 छात्र कह सकते है। तथा कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग के 565 विद्यार्थी जिसमें 322 छात्रायें एवं 243 छात्र शामिल थे। इन उत्तीर्ण विद्यार्थियों में जहां आज 32 विद्यार्थी शासकीय सेवा में है 236 अर्धशासकीय सेवा में 291 स्वरोजगार के क्षेत्र में तथा 400 से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे है। गौरतलब बात यह है कि वर्तमान समय में शिक्षा की दिशा तकनीकि शिक्षा के रूप में अहम मानी जा रही है। आज भी जनप्रतिनिधियों की कोशिशों से वर्ष 2022 से इस पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में दो नये ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिक इंजीनियरिंग प्रारंभ होने से आसपास के विद्याथियों को इन दोनों ब्रांचों की सुविधा मिलने लगी। अभी तक यह दोनों ब्रांच जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में थी। वर्तमान में इस ब्रांच का पहला बैच अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है। संस्था में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जहां दो कम्प्यूटर लैब एक लैंगवेज लैब, फिजिक्स कैमेस्ट्री हार्ड बेयर लैब वहीं 12 हजार से अधिक किताबों की आधुनिक लाईब्रेरी स्मार्ट क्लास रूम 100 सीट वाला बालक छात्रावास वहीं 50 सीटर कन्या छात्रावास की सुविधायें उपलब्ध है। जिसका उपयोग विद्यार्थी आसानी से कर सकते है। इस संस्था में वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य के रूप में अरविन्द्र कुमार त्रिपाठी मूल पद जिनका वरिष्ठ ब्याख्याता (एमओएम) के हाथो में है। इनके आलावा इस संस्था डॉ. रश्मि चौरसिया वरिष्ठ ब्याख्याता एवं उत्कर्ष श्रीवास्तव वरिष्ठ ब्याख्याता के नियमित पदों पर पदस्थ है। संस्था में वर्तमान में विभिन्न विषयों के अध्ययापन हेतु शासन के नियमों अनुसार 11 संविदा अतिथि ब्याख्याता भी कार्यरत है। संस्था में नवीन प्रारंभ हुए दो ब्रांच के पद आज भी स्वीकृत नहीं है। इस ब्रांच में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को असुविधा होती है। जिसका त्वरित निदान करने को लेकर प्राचार्य त्रिपाठी द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई के संविदा अतिथि ब्याख्याताओं के माध्यम से अध्यापन कार्य संचालित करवाया जा रहा है। यह पॉलीटेक्निक महाविद्यालय 1998 में बंद हुए तकनीकि विद्यालय के भवन में संचालित होता है। जहां पर पर्याप्त स्थान नहीं होने से कक्षाओं के संचालन में भी समस्या का सामना करना पड़ता है। गौरतलब बात यह है कि जिस तरह से तकनीकि शिक्षा के माध्यम से बदलाव विकास का स्वयं व प्रदेश तथा राष्ट्र का तय हो रहा है। वहीं इस महाविद्यालय को लेकर नवीन भवन के लिए कई बार प्रस्ताव भेजे गये है। वहीं तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में इसे तब्दील व बदलाव करने को लेकर जो घोषणा की गई थी वह आज भी सपना ही है आखिर जनप्रतिनिधियों के द्वारा इंजीनियरिंग महाविद्यालय को लेकर कब तक सार्थक प्रयास करके ये सपने साकार किये जायेगें। जिसका सबको है इंतजार। वर्तमान समय में तकनीकि शिक्षा से ही भविष्य संवारने की जो दिशा तय होती है चाहे वह शासकीय सेवा हो या निजी या फिर स्वरोजगार के अवसर हों। यहां स्थानीय स्तर से अब इसको लेकर उम्मीद सपना सकार करने हेतु पूर्व मंत्री पन्ना से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह से ही मानी जाती है। क्योंकि विकास के कार्यों में सोच व दृष्टि दोनों अहम मानी जाती है। जो आपमें बाखूबी पाई जाती हैं देखना यह है कि कब इंजीयरिंग महाविद्यालय का सपना होगा साकार।



# बंधुआ मजदूरी से इंकार करने पर दबंगों ने मां-बेटी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

*पवई थाना में मामला दर्ज, आरोपी दे रहे धमकी, एसपी से न्याय व सुरक्षा की गुहार*

**पन्ना।** जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी में बंधुआ मजदूरी करने से इंकार करने पर अनुसूचित जाति कि बुजुर्ग महिला और उसकी बेटी को दबंगों के द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़तिों की शिकायत पर पवई थाना में धारा 294, 323, 506, 34 एवं एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के द्वारा शिकायत वापसी हेतु धमकी दिए जाने पर फरियादिया शिकंती बाई पति स्व हक्का चौधरी उम्र 55 साल निवासी ग्राम सिमरी ने अपनी बेटी उमा चौधरी उम्र 35 साल और पुत्र रामऔतार चौधरी उम्र 20 साल के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंच कर शिकायती आवेदन सौंप कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकंती बाई ने बताया कि मेरा लड़का रामऔतार 2 माह पहले गाँव के देवेन्द्र तिवारी के यहाँ मजदूरी करता था, घटना दिनांक को सुबह 9 बजे देवेन्द्र तिवारी मेरे घर आकर बोला कि तेरा लड़का मजदूरी करने क्यों नहीं आ रहा तो मैनें कहा कि उसे अपनी बहन को छोड़ने जाना है। जिससे देवेन्द्र नाराज हो गया और बोला कि तेरा लडका काम पर नहीं आया तो जहां मिलेगा वहीं मारेंगे कहते हुए वह चला गया, डर के कारण मैं अपनी बेटी उमा के साथ देवेन्द्र तिवारी के खेत पहुंच कर कहा कि आप मेरे लड़के को मत मारना कहो तो आपके पैसे लौटा देंगे, जिससे देवेन्द्र मुझे और मेरी लड़की को अश्लील एवं जाती सूचक गालियां देने लगा, गाली देने से मना करने पर लाठी से पीटने लगा, बेटी ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटा, तभी वहां नरेन्द्र सिंह निवासी बूढ़ा आ गया और हमें जाति सूचक व अष्लील गालिया देते हुए देवेन्द्र से बोला कि और मारो ये बहुत बढ़ गई हैं। पवई थाना शिकायत करने पर धारा 294, 323, 506, 34 एवं एससी एसटी एक्ट का अपराध कायम किया गया है। दबंगों के द्वारा शिकायत वापसी के लिए धमकी दी जा रही है, जिससे पीड़ति परिवार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन सौंप कर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।

# नगर परिषद अमानगंज में गंगाजल संवर्धन योजना के तहत हुआ कार्यक्रम





**अमानगंज।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों का हुआ सम्मान ओर चित्रकला प्रतियोगिता में भी बच्चों ने लिया भाग बच्चों को प्रथम स्थान आने पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने किया प्रोत्साहित। नगर परिषद अमानगंज प्रांगण में गंगा जल संवर्धन योजना के तहत रविवार 16 जून 2024 को कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर रोली चंदन दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद नगर परिषद अमानगंज प्रभारी सीएमओ घनश्याम पांडे, ने सभी अतिथि का स्वागत किया स्वागत के पश्चात पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत, रामलाल लखेरा, मुकेश राजू चौबे भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने ने अपने संबोधित में कहा नगर परिषद के कर्मचारी पूरी नगर की सफाई करते हैं तब नगर का नाम रोशन होता है उन्होंने एक वाकया सुनाते हुए कहा कि मैं अपने वार्ड में घूम रहा था तभी किसी बच्चे ने अपनी मां से कहा की मां देखो कचरा वाले आ गए हैं कचरा जाकर डाल दो तब उनकी मां ने कहा बेटा ऐसा नहीं बोलते वह सफाई कर्मचारी हैं नगर की सफाई उन्हीं के द्वारा की जाती है उनका हमें सम्मान करना चाहिए ऐसा मंडल अध्यक्ष ने जनता को संबोधित करते हुए कहा ओर नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती सरिका खटीक ने जनता ओर सफाई कर्मचारी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सफाई कर्मचारी के कारण नगर परिषद का नाम रोशन होता है कोई बाहर कोई बाहर का व्यक्ति नगर में आता है और वह नगर की साफ सफाई को देखा है तो वह नगर की तारीफ करता है उसमें श्री हमारे सभी सफाई कर्मचारियों पर जाता है जिनके करण हमारे नगर का नाम रोशन होता है नगर परिषद अध्यक्ष ने अपने भाषण में महिला सफाई कर्मचारियों के लिए नारी शक्ति का सम्मान कैसे होना चाहिए उसे पर भी उन्होंने अपने विचार रखे नारी का सम्मान हम सबको करना चाहिए क्योंकि नारी घर की लक्ष्मी होती है जो व्यक्ति नारी का सम्मान करता है उसका सम्मान पूरा देश समाज करता है ऐसा उन्होंने अपने वक्तव्य ने कहा नगर के विकास में कोई कमी कसर नहीं छोड़ी जाएगी ऐसा उन्होंने अपने वक्तव्य में जनता को संबोधित किया आज के कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत,राम लाल लखेरा,लखन लाल तिवारी, संतोष सोनी, अरविंद दुबे, शंकर लहंगेरे, गजेन्द्र सिंह राजपूत,किशू बडडा, आनंद सिंह राजपूत, अमित चन्द्रपुरिया, अरविंद चौधरी,रामू चौधरी,भूपत चौधरी, समस्त अमानगंज की जनता जनार्दन सभी नगर परिषद के कर्मचारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम का आभार नगर परिषद सीएमओ प्रभारी श्याम पांडे ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा महामंत्री प्रदीप अवस्थी ने किया।

# पन्ना पुलिस द्वारा पूर्व में बरामद किये गये 5 क्विटंल गाँजा की खरीदी बिक्री में शामिल आरोपियों के नेटवर्क को किया ध्वस्त



गाँजा उपलब्ध कराने वाले 02 आरोपी नक्सल प्रभावित क्षेत्र उड़ीसा से गिरफ्तार, आरोपियों के कब्जे से 73 हजार रूपये जप्त पूर्व में पुलिस द्वारा 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से 5 क्विंटल 38 किलो गाँजा एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन किया गया था जप्त

**पन्ना**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई.कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पूर्व में दिनांक 29/05/24 को थाना पवई में पुलिस द्वारा 5 आरोपियों के कब्जे से 5 क्विंटल 38 किलोग्राम मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 1 करोड़ 7 लाख 74 हजार रूपये का एवं मादक पदार्थ (गाँजा) परिवहन में प्रयुक्त पिकप वाहन कीमती करीब 8 लाख रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 1 करोड़ 15 लाख 74 हजार रूपये का जप्त किया जाकर पाँचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में अपराध कायम किया गया था। मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूंछताछ किये जाने पर उनके द्वारा उक्त गाँजा उड़ीसा से खरीद कर लाया जाना बताया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मादक पदार्थ (गाँजा) की खरीदी बिक्री में शामिल सभी लोगो को गिरफ्तार करके अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के व्यापार में शामिल सभी आरोपियों की पूरी चेन को ध्वस्त किये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनु. अधि. पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन एवं उनि सुयश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व एक पुलिस टीम का गठन किया गया। मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13/06/24 को पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के बताये अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्र उड़ीसा में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) उपलब्ध कराने वाले संदेही लखेन्द्र मांझी पिता देवराज मांझी उम्र 30 साल निवासी ग्राम डेढेनमल थाना घण्टापाडा जिला बौध तथा स्वाधीन साहू पिता अनन्तराम साहू उम्र 36 साल निवासी ग्राम उड़ेर थाना घण्टापाडा जिला बौध उड़ीसा को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से बरामद किये गये गाँजा को उड़ीसा में उपलब्ध कराने के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर दोनो संदेहियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों को गाँजा उपलब्ध कराने की बात को स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनो आरोपियो के कब्जे से 73 हजार रूपये नगद जप्त किये जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक रजनी शुक्ला, उनि सुयश पाण्डेय थाना पवई, उनि अनिल सिंह राजपूत पुलिस सायबर सेल शाखा पन्ना, आर. प्रेम, दिनेश, राहुल, रविन्द्र, एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ललार गांव में प्राचीन संस्कृति व प्राचीन कला की मूर्तियां ही तय करेगीं कितनी प्राचीन

जो बाउण्डी में कभी मिली थी क्या बाउण्डी की खुदाई इस समय कराई जायेगी वहीं सीईओ जिला पंचायत के प्रयासों से सर्वे को लेकर कार्यवाही से भी हालात तय होने की उम्मीद कितनी प्राचीन मूर्तियां इतिहासिक प्राचीन समय को लेकर जहां ये मूर्तियां ललार गांव में स्वयं ही तय करेंगी प्राचीन धरोहर लगभग कितनी प्राचीन




**पन्ना।**

आज भी स्टेट के जिले पन्ना में कई गांव प्राचीन धरोहरों के रूप में मूर्तियों को लेकर जाने जाते है। जहां आरकुलाजिस्ट विभाग कई गांवों में सर्वे करने को लेकर अपनी दिशा तय कर रहे है। जैसे नचने आज वहीं पन्ना जनपद अंतर्गत ललार गांव भी जहां एक बाउण्डी में प्राचीन समय की मूर्तियां निकली थी। जो गांव में ही मौजूद है। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के प्रयासों के चलते इस गांव में भी सर्वे को लेकर अंजाम दिया जा सकता है जिससे यह साबित होगा कि कितनी मूर्तियां किस समय की है। तथा बाउण्डी के अंदर से मूर्तियां जो निकली इनके पीछे क्या है राज। वहीं प्राचीन धरोहर के रूप में जहां एक बार फिर जिले में ललार गांव भी शामिल होगा। अपने प्राचीन अस्तित्व को लेकर जहां इतिहास स्वयं ही साक्षी होता है। विकास को लेकर आज हमारे जिले में पयर्टकों के आकर्षण का केन्द्र भी यह मूर्तियां बनती है। जो प्राचीन कला को सभ्यता के साथ स्वयं ही उस हालात को बयां करती है। आज भी जब ललार गांव का सर्वे होगा इन मूर्तियों को लेकर तब कहीं न कहीं ये मूर्तियां ही जानकारों के मत की बात अपने एतिहास को साबित करेगी। जिसका है इंतजार। जहां इस समय प्राचीन जल संरचनाओं को सहेजने व संवारने का कार्य किया जा रहा है क्या ललार गांव की इस बाउण्डी की खुदाई करके हालात जाने जायेगें। क्या और भी मूर्तियां या कितनी प्राचीन मूर्तियां कहा तक पाई जा रही है। वहीं सर्वे कब तक कराया जायेगा ताकि ललार गांव में इन प्राचीन मूर्तियों से ही इतिहास व संस्कृति जानी जाये।

# पन्ना पुलिस थाना बृजपुर द्वारा 3 नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब किया जाकर किया गया परिजनों के सुपुर्द

## अपहृत बालिका के सकुशल घर वापस लौटने पर परिजनों ने पुलिस टीम को दिया धन्यवाद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर में अलग-अलग फरियादियों की रिपोर्ट



पर दर्ज अप.क्र. 125/24, 126/24 एवं 129/24 की अपहृताओं की तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये । पुलिस टीम द्वारा अपहृताओं के परिजनो, रिश्तेदारों एवं आस-पास रहने वाले व्यक्तियों से अपहृताओं के संबंध में जानकारी एकत्रित किये जाने के प्रयास किये गये। साथ ही पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से अपहृताओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस सायबर सेल पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14/06/24 को उपरोक्त मामलो में अपहृत बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। अपहृत बालिकाओं के वापस घर लौटने पर परिजनो द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरी.भानू प्रताप सिंह, उनि अनिल सिंह राजपूत प्रभारी पुलिस सायबर सेल पन्ना, सउनि.अयोध्या प्रसाद, प्रआर. अशोक बागरी, राजेश कुमार,आर. मुनेन्द्र सिंह, तेजूलाल, रामलखन पटेल, म.आर. पुनीता शर्मा, सीमा यादव, संतोषी सोनी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

### 20 जून तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो होगी सख्त कार्यवाही



**छतरपुर।** रविवार को शहर के तहसील कार्यालय में एसडीएम अखिल राठौर द्वारा व्यापारी संघ के साथ बैठक कर स्वतः अतिक्रमण हटाने की अपील की गई है। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि बाजार क्षेत्र के सभी व्यापारी 20 जून तक दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, अन्यथा 20 तारीख के बाद प्रशासन द्वारा सख्ती से अतिक्रमण हटवाया जाएगा और सामान जब्त कर संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि आज व्यापारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई है, यह प्रयास शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए किया जा रहा है। वहीं यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने बताया कि दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है, जिस कारण से लोगों को निकलने में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ हाथ-ठेलों पर सामग्री विक्रय करने वालों के लिए भी स्थान निर्धारित किया जा रहा है।

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ

**नौगांव।** नौगांव शहर नगर से लगे बिलहरी गांव मे ज्येष्ठ मास के पावन पर्व के चलते सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा प्रारंभ होने के पहले शनिवार की शाम गांव में विशाल कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा जगदम्बे भवानी महामाई मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों एवं मंदिर होते हुए वापिश कथा स्थल धनुषधारी मंदिर पहुंची। कथा के प्रथम दिवस महात्म्य की कथा श्रवण कराई गई। वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य पं. श्री राजेंद्र दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन प्रारंभ हो गया गया। कथा के पूर्व कलश यात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिलाएं एवं युवतियां भगवा वस्त्र धारण कर सर में कलश रखकर शामिल हुईं। कलश यात्रा में कथा व्यास आचार्य राजेंद्र दास जी महाराज और पंडित डॉ रमाकांत पटेरिया जी महाराज बग्गी में सवार होकर शामिल हुए। कलश यात्रा का भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा और खाद्य पदार्थों से स्वागत सत्कार किया। कलश यात्रा में बैंड, घोड़े, डीजे शामिल रहे, वहीं शिवलिंग, और अयोध्या के श्री राम मंदिर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रोजाना शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक किया जा रहा है।

### जुलाई में बनकर तैयार हो जाएगी जिले की सेंट्रल लाईब्रेरी



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के विद्यार्थियों एवं किताबें पढने के शौकीन लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी नजदीक आ रही है। कलेक्टर संदीप जीआर के प्रयास से शहर के सिंचाई कॉलोनी क्षेत्र में पिछले तीन महीनों से चल रहा सेंट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जुलाई में पूर्ण होने जा रहा है। लगभग ढाई एकड़ जमीन पर 4 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रही ये सेंट्रल लाईब्रेरी हजारों किताबों को संजोकर रखेगी जहां पढ़कर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे। ऐसी होगी हमारी विकसित लाईब्रेरीकलेक्टर के प्रयास से छतरपुर को जो सेंट्रल लाईब्रेरी प्राप्त हुई है वह महानगरों में होने वाली सुविधा के अनुरूप होगी। स्तूपनुमा आकार में निर्मित हो रही दो मंजिला लाईब्रेरी में कई कमरे होंगे जहां अलग-अलग विषय पर आधारित हजारों किताबें उपलब्ध्र होंगी। ये किताबें विद्यार्थियों सहित उन लोगों के लिए भी उपयोगी होंगी जिन्हें सिविल सर्विस परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी होती है।

# एनसीएल में हुआ "स्वच्छता पखवाड़ा-2024" का आगाज़



**सिगरौली:** रविवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोयला मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' का आगाज़ हुआ। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, सीएमओएआई प्रतिनिधि, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए स्वच्छता को समय देने, हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने , गंदगी न करने एवं न किसी और को करने देने का संकल्प लिया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में 16 से 30 जून, 2024 तक वृहद स्तर पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा । स्वच्छता पखवाड़ा- 2024 के दौरान एनसीएल में स्वच्छता जागरूकता से संबन्धित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एकल प्लास्टिक की रोकथाम, जूट बैग का वितरण, प्लास्टिक फ्री ज़ोन बनाने हेतु प्रयास, स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता रैलीयों का आयोजन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट जागरूकता, कचरा प्रबंधन, चिकित्सालय एवं आस-पास के क्षेत्र और कार्यालय एवं आवासीय परिसर की साफ सफाई एवं जागरूकता, वाटर टैंकस की साफ सफाई, स्वच्छता संबंधी विषयों पर निबंध लेखन , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पौधरोपण आदि का आयोजन किया जाएगा।

# आरसीटी से आचार, पापड़ व मसाला का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार देने की हिंडालको महान की पहल

प्रोजेक्ट जीवनोत्कर्ष के तहत आचार,पापड़ व मसाला निर्माण का प्रशिक्षण ले चुकी महिलाओं को दिये गये स्वावलम्बन प्रमाण पत्र।

सिगरौली





**बेहतर महिला उद्यमी बनना है तो संकोच छोडिये बस आगे बढिये : प्रसून बोस**

ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए हिंडालको महान व आरसीटी ने स्वयं सहायता समूहों व अन्य स्थानीय महिलाओं को घर बैठे रोजगार देने की पहल में ग्राम बड़ोखर में 35 महिलाओं को 10 दिवसी आचार,पापड़,व मशाला निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत में हिंडालको महान के मानव संसाधन विभाग से दिपाली,श्वेता,सीमा ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। 10 दिवसी प्रशिक्षण उपरांत उन्हें स्वावलम्बन प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में आरसीटी विभाग के निर्देशक विजय कुमार,असेसमेंट अधिकारी प्रदीप नामदेव, हिंडालको महान के ओ.एंड एम.विभाग से प्रसून बोस,सी.एस.आर.प्रमुख संजय सिंह व सी.एस.आर.विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे । कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुये हिंडालको महान के सी.एस.आर.प्रमुख संजय सिंह ने बताया कि हिंडालको महान प्रोजेक्ट जीवनोत्कर्ष के तहत महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु कृत संकल्पित है और इसके लिए महिलाओं को हर कदम में प्रशिक्षण व आर्थिक मदद के लिये हमारा प्रबंधन तैयार है।आप सभी महिलाये समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़यि। हमारी मंशा है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाली गरीब परिवारों के गरीबी स्तर में सुधार करना है। वही कार्यक्रम में आरसीटी निर्देशक विजय कुमार ने कहा देश मे कई महिला समूह व उनके सदस्यों द्वारा गांव में कई प्रकार के पापड़,आचार बनाकर आर्थिक तौर से सशक्त हो रही हैं.स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए पापड़ की खपत भी आस-पास के बाजार में की जा सकती है,जब इसकी बिक्री ज्यादा होने लगे तो आपको मशीन की खरीदने के लिये हमारे बैंक से ऋण लेकर बड़े उद्योग में परिवर्तित किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसून बोस ने यूनियन बैंक के उपक्रम आरसीटी के प्रति आभार ब्यक्त करते हुये, बताया कि वर्तमान समय मे गृह उद्योग एक चुनौती जरुर है ,क्योंकि कि कुछ नामी ब्रांडो के खिलाफ स्वयं को खड़ा करना कठिन जरूर है लेकिन असंभव नही है ,यदि बेहतर महिला उद्यमी बनना है,तो संकोच छोड़यि ,बस आगे बढिये औऱ चूल्हा-चौका के अलावा इस कारोबार से जुड़कर पारिवारिक और आर्थिक जिम्मेदारियों को निभाये।कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 35 महिलाओं को स्वावलंबन प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आरसीटी विभाग से निशा द्विवेदी,प्रशिक्षक आरती अग्रवाल व सी.एस.आर.विभाग से जियालाल व खलालू का विशेष योगदान रहा।

# दोनों पक्षों में चले लाठी-डंडे, आधा दर्जन घायल, पुलिस ने कहा दोनों पक्षों पर होगी कार्यवाही

छतरपुर





सिविल लाइन थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बगौता में दो पक्षों के बीच लंबे समय से चला आ रहा जमीनी विवाद अब जानलेवा स्तर पर पहुंच गया है। रविवार को इसी पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसके चलते एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुष घायल हुए हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बगौता निवासी हीरालाल रैकवार ने बताया कि बगौता में उसके स्वामित्व की जमीन है जिस पर कुशवाहा परिवार के लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। शुक्रवार को तहसीलदार के आदेश पर आरआई, पटवारी एवं पुलिस द्वारा इस कब्जे को हटवाया गया था, लेकिन उसी रात को कुशवाहा परिवार ने दोबारा जमीन पर फैंसिंग करते हुए कब्जा कर लिया। इसी बात को लेकर शनिवार की सुबह भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। रविवार की सुबह जब हीरालाल रैकवार और उसके परिजन खेत पर पहुंचे तो राजू कुशवाहा और उसके परिजन राजेश, हरिश्चन्द्र तथा कमली ने कुल्हाड़ी और लाठी से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में रैकवार परिवार की भुमानीबाई उम्र 43 वर्ष, किशना लाल, लक्ष्मी रैकवार, गीता रैकवार, देवेन्द्र रैकवार, रामेश्वर, मनोज रैकवार और अजय रैकवार घायल हुए हैं। घटना के बाद सभी घायल सिविल लाइन थाना पहुंचे, जहां पुलिस ने उनकी शिकायत लेने के बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने बताया कि ग्राम बगौता के रैकवार और कुशवाहा परिवार के बीच मारपीट हुई है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस प्रकरण में दोनों पक्षों पर कार्यवाही की जा रही है।

## नौगांव थाना क्षेत्र के नयागांव गांव की घटना..

# मायके आई महिला के साथ मोहल्ले के युवक ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

नौगांव



नौगांव थाना क्षेत्र के अपने गांव नयागांव आई महिला ने गांव के एक युवक के ऊपर उसके साथ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज़ कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के नयागांव गांव अपने मायके आई एक महिला ने मोहल्ले के युवक अरविंद अहिरवार के द्वारा दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने मायके आई थी, घर पर अकेली थी तभी मोहल्ले के युवक अरविंद अहिरवार ने मौका पाकर उसके साथ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म कर डाला, और जाते जाते शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे गया। जिसके बाद डरते हुए महिला ने आरोपी युवक अरविंद अहिरवार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने पुलिस थाना पहुंची। थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी अरविंद अहिरवार के खिलाफ 376(2)(एन),506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बल की मदद से आरोपी की तलाश कर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायधीश ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।



# पठा गांव में मिले शव से गांव में फैली सनसनी

लवकुशनगर


लवकुशनगर अंतर्गत आने वाली पठा चौकी में दो अज्ञात शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मृतक दीपक भट्ट पिता भारत गोसाईं उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है जो कि बिहार राज्य के आरा जिले का रहने वाला है। रेलगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। करीब डेढ़ दिन तक व्यक्ति का शव पटरी पर पड़ा रहा है जिससे जानवरों ने व्यक्ति के शरीर को नोच नोच कर खा डाला। गांव में दुर्गंध फैलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के बैग में पड़े आयकर विभाग और आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की गई।

वहीं दूसरा मामला हीट वेव का हैं जहा 60 वर्ष के एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। यह अज्ञात व्यक्ति मिढ़का से दौनी ग्राम के रास्ते में मृत पाया गया। यह व्यक्ति महोबा जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। पठा चौकी प्रभारी संजय पांडे ने मौके पर जाकर दोनो व्यक्तियों के शव को बरामद कर पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है जहां से बिहार के दीपक भट्ट को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एक अन्य व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

## पुलिस की प्रभावी कांबिंग गश्त में सख्त एक्शन कार्यवाही

# इनामी बदमाश, अपहरण के आरोपी, जिला बदर, 73 वारंटी सहित कुल 116 आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम से ब्रीफिंग कर मुख्यालय एवं जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गश्त रवाना की गई थी। राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के नेतृत्व में समस्त थानों में दिनांक 15-16 जून की रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान कार्यवाही की गई। जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला बदर हुए 30 आरोपियों को चेक करते हुए 38 गुंडा एवं 17 निगरानी बदमाश को चेक किया गया एवं 116 फरार वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए। जिला बदर आरोपी जिले के भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर थाना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर किए गए आदतन अपराधी धर्मेंद्र सोनी (थाना सिविल लाइन क्षेत्र से पता बदलकर पठापुर रोड में रह रहा था) को गिरफ्तार किया। जिला बदर आरोपी सहित सात वारंटी भी गिरफ्तार किये गए।थाना नौगांव पुलिस ने वर्ष 2017 के हत्या के प्रकरण के फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी पलेरा जिला टीकमगढ़ को तथा मारपीट के प्रकरण के फरार आरोपी बसंत राजपूत निवासी खमा थाना अजनर जिला महोबा तथा लाल यादव ग्राम सुकवा थाना नौगांव को गिरफ्तार किया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियार के वर्ष 2019 के प्रकरण में फरार आरोपी प्रदीप तिवारी निवासी ग्राम ढरारी तथा वर्ष 2017 के अवैध हथियार के प्रकरण में फरार आरोपी अज्जू खान निवासी देरी रोड सहित चार वारंटी गिरफ्तार किये। थाना सटई पुलिस ने 3000 के इनामी आरोपी शैलेंद्र सिंह ग्राम चांदनी जिसके विरुद्ध थाना बड़ा मलहरा एवं थाना सटई में शासकीय कार्य में बाधा, एससी एसटी प्रकरण एवं मारपीट संबंधी अपराध दर्ज हैं, को गिरफ्तार किया। साथ ही सटई पुलिस ने अवैध हथियार के 5 साल पुराने प्रकरण के फरार अपराधी रति यादव ग्राम कुंवरपुर को भी गिरफ्तार किया है।थाना गौरिहार पुलिस ने वर्ष 2007 के अपहरण के प्रकरण के फरार आरोपी लाला उर्फ जगदीश को गिरफ्तार किया है। थाना बमनोरा पुलिस द्वारा गंभीर अपराध सहित अन्य अपराध के छह आरोपी की गिरफ्तारी, थाना बक्सवाहा पुलिस ने वर्ष 2017 के प्रकरण में फरार आरोपी भरत सिंह ग्राम जुझारपुरा तथा वर्ष 2015 के अवैध हथियार संबंधी प्रकरण के फरार आरोपी राम सिंह जरेट जिला दमोह को गिरफ्तार किया है।थाना मातगुंवा पुलिस ने 5 साल पुराने मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार किया, ईशानगर पुलिस ने अवैध हथियार के फरार आरोपी पप्पू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। थाना किशनगढ़ पुलिस ने तीन वर्ष पुराने छेड़छाड़ के प्रकरण में फरार आरोपी गोपी आदिवासी को गिरफ्तार किया है।जिले में 8 पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित 305 पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले के सभी जिला बदर, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश को चेक करते हुए सभी ढाबा, होटल, एटीएम स्थल, बस स्टैंड भ्रमण कर चेकिंग की गई। अनावश्यक घूमते एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। कांबिंग गश्त में तीन हजार रुपये के इनामी बदमाश, एक जिला बदर आरोपी, 48 गिरफ्तारी वारंट, 25 स्थाई वारंटी व अन्य प्रकरणों के 41 आरोपी सहित 116 आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई।

## जिला अस्पताल के भी दो गुटों में हुई मारपीट

**छतरपुर-** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार की रात जिला अस्पताल में शराब के नशे में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती एक मरीज के परिजनों और कुछ शराबियों के बीच हुई है। बताया गया है कि मरीज के परिजन रात करीब साढ़े 11 बजे लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे, उसी लिफ्ट में तीन शराबी भी थे जिनके द्वारा मरीज के परिजनों से अभद्रता की गई और इसके बाद विवाद शुरु हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक जा पहुंची। शराबियों के द्वारा मरीज के परिजनों के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान अस्पताल के गार्ड विवाद को रोकने का काफी प्रयास करते रहे लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। घटना की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस को जिला अस्पताल पहुंचने में 4 घंटे का समय लगा, तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। इस मारपीट के वीडियो मरीज के परिजनों के पास हैं, जो उनके द्वारा पुलिस को दिए गए हैं।



## हरिओम शुक्ला हत्याकाण्ड में सम्मिलित आरोपी अजय श्रीवास एवं पृथ्वीराज सिंह गिरफ्तार

**छतरपुर।** दिनांक 25 मार्च को महोबा रोड में विवाद के कारण गोली चलने से हरिओम शुक्ला की मृत्यु हो गई थी। घटनास्थल का बारीकी से भौतिक निरीक्षण करते हुए एकत्रित साक्ष्य, सक्षियों के कथनों एवं फरियादी के कथनों तथा चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना एवं आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में पूर्व में 13 आरोपीगणों आकाश यादव निवासी छतरपुर, अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा हथियार विक्रेता ग्राम गहरवार, आकाश शर्मा, अजय राय, गोलू विश्वकर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सौरभ सैनी, सुमित कुशवाहा, शिवम सोनी, अवधेश प्रताप सिंह, अजय राजपूत, सुधांशु रावत निवासी ग्राम पिपट, छोटू पंडित, अभिषेक परिहार को गिरफ्तार कर जेल एवं 3 विधि विरुद्ध किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया था। हत्या में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। एकत्रित साक्ष्य के आधार पर हत्या की घटना में सुनियोजित तरीके से सम्मिलित दो आरोपियों अजय श्रीवास उर्फ पप्पू उम्र 21 वर्ष निवासी बी डी कॉलोनी देरी रोड छतरपुर एवं पृथ्वीराज सिंह चंदेल उर्फ छोटू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम देरी को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। दोनों ने हत्या की घटना में सम्मिलित होना स्वीकार किया। उक्त गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल, दो 315 बोर के अवैध देशी कट्टे एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया। उक्त अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर, उप निरीक्षक नंद किशोर सोलंकी, उप निरीक्षक आरएस चौधरी, उपनिरीक्षक राहुल शुक्ला एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खजुराहो के सभी मंदिरों में हवन यज्ञ एवं पूजन की शीघ्र आवश्यकता



**छतरपुर।** खजुराहो के त्रिलोखर धाम में गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर हुए पंच कुण्डीय महायज्ञ में मुख्य यजमान नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी सपत्नीक रहे तथा यज्ञ में समरसता देखते हुए सभी धर्म एवं जाति के लोगों ने यज्ञ में आहुति दी। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने त्रिलोखर धाम के सभी मंदिरों के दर्शन कर गायत्री माता की आरती की तत्पश्चात खजुराहो एयरपोर्ट से बद्रीधाम के लिए प्रस्थान किया। दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा ने यज्ञ में पधारें सभी संतो का शॉल एवं श्री फल से स्वागत कर आभार प्रकट किया। पूज्य संतों में जगन्नाथ पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज के बुंदेलखंड में परम शिष्य राजेश्वर नंद सरस्वती महाराज, 108 श्री हरिहर महाराज, चोपरिया सरकार के महंत प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर श्रद्धांलुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की आयोजक गायत्री परिवार की श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी ने हवन पूजन एवं यज्ञ शाला का संचालन किया। प्रसाद वितरण एवं जल व्यवस्था को सुचारु रूप से परिवर्तन एनजीओ के राकेश मीना रजोरिया, कीथ ओसमंड एवं वीरू सीगोत ने किया। कार्यक्रम में एसडीओपी डॉ सलिल शर्मा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गौतम, रिलायंस क्लब के अध्यक्ष अविनाश तिवारी, ग्रीन आर्मी के देवेंद्र चतुर्वेदी, बुंदेलखंड कोऑपरेटिव बैंक के एमडी विकास चतुर्वेदी, गायत्री परिवार छतरपुर से तरुण बाजपेयी, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, मनीष दोसाज, महेश पटेल, गायत्री परिवार राजनगर से कामता अग्रवाल, कृष्ण सोनी, गायत्री परिवार लवकुशनगर से शिवपूजन अवस्थी, श्री मतंगेश्वर सेवा समिति से लड्डू रैकवार, राज सिंह परमार, कार्तिक शिवहरे, खुशी राजे, रेखा राज, लकी सिंह बुंदेला तथा बागेश्वर शिष्य मण्डल के संदीप सोनी, वेदराज माखन, जैन समाज से शांत जैन, योगेश जैन, संजय जैन तथा राजनगर विधानसभा एवं चंदला विधानसभा के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिलोखर धाम पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने श्रीमती जटिया के निधन पर व्यक्त किया शोक


**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल नेभारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती जटिया जी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पुण्यात्मा को मोक्ष प्रदान करने एवं परिजनों को यह असीम दुःख सहने की क्षमता देने की प्रार्थना की है।

### प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को किसान सम्मान निधि करेंगे जारी

**रीवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पात्र किसानों को योजना की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून को किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से किसानों के खाते में योजना की राशि जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतों में भी योजना से लाभांवित किसानों को कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से जोड़ा जायेगा। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के लिए लाभांवित किसान अपना पंजीयन माईजीओव्ही प्लेटफार्म पर कर सकते हैं। इस पूरे कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदारों को किसान उत्सव दिवस के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

### म.प्र.में न्यूनतम मजदूरी आकस्मात कम करने से प्रदेश के मजदूरों में आक्रोष

**रीवा।** मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2014 में की गई पुनरीक्षित न्यूतम मजदूरी दरों का पुनः पुनरीक्षण 5 वर्ष के अन्दर अक्टूबर 2019 तक किया जाना अधिनियम की धारा 3 के अन्दर अनिवार्य था लेकिन यह बहु प्रतीक्षित पुनरीक्षण न्यूनतम मजदूरी दरें 10 वर्ष में 1 अप्रेल 2024 से राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार लागू की गई। अकुशल श्रमिक मासिक वेतन 11800/-, अर्द्धकुशल 12796/-, कुशल 14519/-, उच्च कुशल 16144 रुपये प्रतिमाह मध्य प्रदेश के श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित किया गया। प्रदेश के श्रमिकों के लिए पुनरीक्षित उक्त न्यूनतम मजदूरी दरों के विरुद्ध पीथमपुर औद्योगिक संगठन तथा मध्य प्रदेश टेक्सटाइल मिल एसो.द्वारा याचिका सरकारी संकेत से दायर की गई जिसके सम्बन्ध में मान.उच्च न्यायालय के खण्डपीठ इन्दौर द्वारा दिनांक 8 मई 2024 को सुनवाई कर स्थगन आदेश दिया गया और इस स्थगन आदेश के चलते श्रमायुक्त म.प्र.शासन द्वारा आदेश दिनांक 24 मई 2024 को पुरानी दरों पर 1 अप्रेल 24 से भुगतान हेतु जारी कर दिया। पुरानी दरों के अनुसार अकुशल श्रमिकों को 10175 रु.प्रतिमाह, अर्द्धकुशल को 11032 रुपये, कुशल को 12410 रु., उच्च कुशल को 13710 रु.किया गया जिसके कारण क्रमशः 391 रु., 424 रु., 477 रु., 527 रु.प्रदेश में प्रति मजदूर की मजदूरी कम हो गई। प्रदेश के न्यूनतम मजदूरी पर आश्रित लाखों लाख श्रमिकों को अप्रेल 24 पुनरीक्षित दरों से भुगतान मई 24 में प्राप्त हो जाने के उपरांत उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से यह स्थिति निर्मित हुई। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जी.पी.त्रिपाठी ने सरकार से मांग की है कि उक्त स्थगन को अविलम्ब सरकारी प्रयास करके निरस्त कराया जाय ताकि लाखों श्रमिकों, आउटसोर्स मजदूरों को नई पुनरीक्षित दरों का लाभ मिल सके।



### नवीन शिक्षण सत्र की तैयारी को लेकर बैठक

**सिलौड़ी।** जन शिक्षा केंद्र सिलौंडी के अंतर्गत समस्त शाला प्रभारी की बैठक आहूत की गई जिसमें जे एस के प्रभारी योगेश सिंह जन शिक्षक संतोष कुमार बर्मन एवं जन शिक्षा केंद्र के समस्त शाला प्रभारी बैठक में सम्मिलित हुए एवं नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ करने की योजना FLN की गतिविधि कैसे किया जाए इस विषय में मंथन किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : समापन में हुये कई कार्यक्रम

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का हुआ सजीव प्रसारण

**जिले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जीर्णोद्धार के कार्य किये गये। गांव-गांव जल कलश यात्राऐं निकाल कर आमजनता को जल संरक्षण और संवर्धन के अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया।**

रीवा !





अभियान के दौरान तालाबों, स्टाप डैम, पुरानी बावड़ी, कुंओं तथा नदी घाटों की सफाई की गयी। कई नये स्टाप डैमों का निर्माण किया गया। जिले भर में गंगा दशहरा को अभियान का समारोह पूर्वक समापन हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री जी के उज्जैन में राज्य स्तरीय समारोह में उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल जिले के लाखों लोगों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। सभी नगरीय निकायों में भी जल संवर्धन का संकल्प लिया गया।

रीवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 1030 खेत, तालाबों की साफ-सफाई की गयी अभियान के दौरान जिले में बहने वाली विभिन्न नदियों और नालों में 157 स्थानों पर साफ-सफाई तथा मलवा निकालने का कार्य हुआ। विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा से 960 जल संवर्धन के कार्य किये गये। अभियान के दौरान 533 छोटे-बड़े तालाबों के गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के 352 शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टग संरचनाओं का निर्माण किया गया। अभियान समापन पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत माड़ौ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब गिरीश गौतम एवं कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर सिरमौर की ग्राम पंचायत बेदुआ में शिवमंदिर में साफ-सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बबईया में दुर्गा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत डोल, खारा, मड़ौ तथा अन्य ग्राम पंचायतों में भी मंदिरों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य किये गये। इनमें मुख्यमंत्री जी के सजीव प्रसारण को दिखाया गया। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत दुआरी में शिव मंदिर परिसर तथा धिरमा नाले की साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत धोपखरी में विष्णु भगवान की मंदिर तथा रानी तालाब में साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्राम लोही में प्रसिद्ध खेमसागर हनुमान जी मंदिर परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत खजुहा में पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामवासियों ने ढाडेश्वरनाथ शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने किया।

विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत चौड़ियार में भैरवबाबा मंदिर परिसर में साफ-सफाई करके दीप जलाये गये। ग्राम पंचायत बदवार में जल गंगा अभियान के समापन अवसर पर नवनिर्मित स्टाप डेम का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत भलुहा तथा चोरगढ़ी में तालाबों के घाटों की सफाई करके स्वच्छता के दीप जलाये गये। विकासखण्ड त्योंथर में ग्राम पंचायत कोनियाकला में नदी घाट मंदिर की साफ-सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जल गंगा अभियान में विशेष योगदान देने वाले को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सोहागी में मनधपेश्वनाथ मंदिर तथा अड़गड़नाथ मंदिर की साफ-सफाई की गयी। ग्राम पंचायत घटेहा में महतियाबाबा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गयी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विकासखण्ड जवा में ग्राम पंचायत वीरपुर, रौली, शिवपुर, बदक्सा तथा सितलहा में मंदिरों एवं तालाबों की साफ-सफाई की गयी। विकासखण्ड गंगेव में ग्राम पंचायत कदैला में त्रिफला तालाब, मढ़ीकला पचपहरा तालाब, पहरखा में बरमाई तालाब तथा मंदिर, मौहरिया में जतिया तालाब मंदिर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने भागीदारी निभाई। देवतालाब के प्रसिद्ध शिवमंदिर में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने साफ-सफाई कार्य में भागीदारी निभाई। सीतापुर में ओड्डा नदी के किनारे तथा रामपुर में देवधारा मंदिर में साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है - विधायक त्योंथर







**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में परंपरागत जल स्त्रोतों के सुधार और साफ-सफाई का कार्य किया गया। गत दिवस ग्राम पंचायत बरेतीखुर्द में विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी ने चेक डैम निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। सरकार के प्रयासों और आमजनता के सहयोग से कई तालाबों, कुपों तथा अन्य जल स्त्रोतों में जीर्णोद्धार के कार्य किये गये हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की जल संरक्षण की अभिनव पहल से जिले भर में जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। हमारी सरकार आमजनता के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। आमजनता भी विकास कार्यों में अपनी भागीदारी निभाये। पानी को बचाने के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाये। पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। अच्छी वर्षा होने के बाद हर व्यक्ति कम से कम दो पेड़ आवश्यलगाये। धरती पर हरियाली और पानी रहेगा तभी उसमें मानव और अन्य जीवों का जीवन सुरक्षित रहेगा।

समारोह में जनपद पंचायत जवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागेन्द्र सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा तथा 15में वित्त की राशि से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। पंचायत पदाधिकारियों तथा आमजनता द्वारा इनमें खुलकर सहयोग दिया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, नदी, नालों तथा कुओं की साफ-सफाई करायी जा रही है। आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करके उसमें गढ्ढे बनवाये जा रहे हैं। जल स्त्रोतों तथा घाटों की साफ-सफाई का भी अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**रीवा।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्ट्रा परियोजना के तहत सीमैट के सहयोग से शिक्षकों का संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित जा रहा है। प्रशिक्षण में कक्षा 9वीं और 10वीं में गणित, अंग्रेजी तथा विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक-1 में आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एसके त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण से व्यक्ति के कौलश और सामथ्य में निखार आता है। प्रशिक्षण से नवीन ज्ञान, कौशल और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण में दिये जा रहे ज्ञान को आत्मसात करें। प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में संभाग के सभी जिलों के शिक्षक शामिल हो रहे हैं। प्रथम चरण के प्रशिक्षण में अंग्रेजी पढ़ाने वाले 207 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में 11 से 15 जून तक आयोजित प्रशिक्षण में विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले 265 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे चरण का प्रशिक्षण 18 से 22 जून तक आयोजित किया जायेगा। शिक्षकों को राज्य स्तर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उप संचालक केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता तथा विद्यालय के प्राचार्य जेपी जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सहायक संचालक आकांक्षा सोनी, राजेश मिश्रा, प्रवीण द्विवेदी, संगीता त्रिपाठी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में विधायकों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने निभाई भागीदारी







रीवा

जिले भर में 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। अभियान का गंगा दशहरा को समारोह पूर्वक समापन किया गया। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आयोजन किया गया। विकासखण्ड गंगेव की मढ़ीकला पंचायत में पचपहरा तालाब में आयोजित कार्यक्रम का विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने शुभारंभ किया। विधायक प्रजापति ने जनप्रतिनिधियों के साथ तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया। उन्होंने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकासखण्ड मऊगंज की ग्राम पंचायत खूटा बेदौलियान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि इस अभियान से जिले भर में जल संरक्षण के कार्य किये गये हैं। आमजनता को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया है। जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए हर व्यक्ति संकल्प लेकर प्रयास करें। डॉ. सोनवणे ने बताया कि देवतालाब के प्रसिद्ध शिव मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ-सफाई की गयी। जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने आमजनता से मिलकर मंदिर की साफ-सफाई की। समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विकासखण्ड मऊगंज में बिछिया नदी के उद्गम स्थल में ग्राम खैरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों तथा आमजनता ने नदी के उद्गम स्थल में श्रमदान किया इसके बाद बिछिया नदी का पूजन किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत घटेहा में महतियाबाबा मंदिर में जनपद अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मंदिर की साफ-सफाई की इसके बाद परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत बहुरीबाध में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर मंदिर की साफ-सफाई की गयी।

## कृषि कार्य में मिश्रित उर्वरक के प्रयोग को दे बढ़ावा

# कलेक्टर ने दिए निर्देश, श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने बनाएं योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकीय के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं कृषक उत्पादक संगठन कस्टम हॉयरिंग सेंटर के प्रतिनिधियों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विगत माह कृषि उत्पादन आयुक्त की आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में कार्यनीति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा निर्देश दिये गये कि डीएपी का उपयोग कम करने एवं मिश्रित उर्वरक के प्रयोग में वृद्धि एवं महत्व को किसानों को बताया जाये। श्री अन्न के रकवे में वृद्धि हेतु प्रचार-प्रसार करें। स्वाइल हैल्थ कार्ड की अनुशंसा अनुसार उर्वरकों का प्रयोग को बढायें, बायोफोर्टिफाईड गेहू की खेती के प्रति प्रोत्त्साहित करें, सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग और तरल जैविक उर्वरक एनपीके का फसल उत्पादन में वृद्धि हेतु सहित इसके साथ ही माइक्रो इरीग्रेशन को बढावा, नैनो उर्वरक के प्रयोग को बढावा देना, मौसम ऐप का प्रचार-प्रसार, जीरो टिलेज को बढावा देने हेतु हैप्पी सीडर का महत्व बताना एवं नरवाई जलाने के हानिकारक प्रभाव का प्रचार-प्रसार, अग्रणी कृषकों का फसल बीमा करने हेतु प्रेरित करने सहित बायोगैस का महत्व, प्राकृतिक जैविक खेती के लिये कृषको को प्रेरित करने और एफ.पीओ के गठन एवं संवर्धन आदि विषय में आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

कृषि अभियांत्रिकीय विभाग के विजय मौर्या सहायक संचालक कृषि अभियांत्रिकीय द्वारा कृषि में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों एवं बुवाई मशीनों का प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख रूप से नरवाई प्रबंधन के उद्देश्य से हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, एवं जिरो टिलेज कम फर्टीसीड्रिल से हाने वाले लाभ एवं इन कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान के विषय में जानकारी दी गई। श्री मौर्या ने बताया कि हैप्पी सीडर का प्रयोग कर कृषक कर कृषक फसल कटाई के तुरंत बाद बिना अतिरिक्त खेत की तैयारी के सीधे बुवाई कर सकते है। जिससे कृषको की लागत में कमी के साथ-साथ पराली न जलाने से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढती है एवं इससे वातावरण को भी नुकसान नही होता है। इफको के प्रबंधक राजेश मिश्रा के द्वारा नैनों उर्वरकों के प्रयोग के बारें में जानकारी दी गई एवं जिले के कृषकों की मक्का एवं मूंग फसल पर डाले गये नैनों उर्वरकों से हुये लाभ के बारें में बताया गया।

जिसमें देखा गया कि जिन कृषकों के द्वारा नैनो डी.ए.पी प्रयोग किया गया है उन फसलो का अधिक अंकुरण, तना मोटा एवं अधिक फुटान एवं अधिक फसल बढ़वार होती है। नैनो डी.ए.पी प्रयोग सभी फसलों में बीज उपचार एवं फसल पर सीधे छिडकांव के माध्यम से किया जाता है। उपसंचालक कृषि मनीष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि कृषको को डी.ए.पी एवं यूरिया पर अपनी निर्भरता कम करते हुये मिश्रित उर्वरकों जैसे- 20-20-0-13, 12-32-16, 10-26-26 आदि एवं सूक्ष्म उर्वकों के प्रयोग को कृषको के द्वारा अपनाया जाना चाहिये जिससे मृदा में सभी पोषक तत्वों की पूर्ति होगी। एनपीके की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये तरल जैविक एनपीके कन्सोर्टिया का प्रयोग बीज उपचार या मृदा में सीधे प्रयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। मौसम ऐप के बारे में अधिक से अधिक कृषको को जानकारी देने को कहा गया जिससे वह मौसम की परिस्थिति अनुसान अपनी कृषि कार्य योजना बना सके। जेफार्म सर्विस के प्रतिनिधी के द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा जेफार्म सर्विस -लाईट एप बनाया गया है। जिसके द्वारा कृषक किराये पर कृषि यंत्र प्राप्त कर कृषि कार्य कर सकतें है इनके टोल फ्री नं.18002084242 पर भी जानकारी प्राप्त कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ईफको द्वारा प्रदाय ड्रोन का अवलोकन किया गया इस ड्रोन के माध्यम से आठ मिनिट में एक एकड़ क्षेत्र में दवा, नैनों उर्वरक आदि का स्प्रे किया जा सकता है। बैठक में राजवर्धन कुरीली सहायक आयुक्त सहकारिता, अमित तिवारी जिला विपणन अधिकारी, राजेश जैन नोडल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी, सुश्री रजनी चौहान परियोजना संचालक आत्मा, विकास जैन, एवं कृषि एवं सहकारिता विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहे।



# कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा आयोध्या चुनाव को लेकर रजक (धोबी) समाज पर की गई टिप्पणी को अभद्र बताते हुए रजक समाज ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी कटनी एवं पुलिस अधीक्षक कटनी को ज्ञापन सौपकर कार्यवाई की मांग की है। रजक समाज जन जागृति विकास समिति कटनी अध्यक्ष श्यामलाल रजक ने बताया कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए, जिसमें आयोध्या सीट से भाजपा के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। इसी संदर्भ में इंटरनेट मीडिया पर अहंकारी भाजपा नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाज के विरूद्ध टिप्पणी की। समिति पदाधिकारियों रामाधार रजक, प्रेमलाल रजक, भारत रजक, संदीप रजक ने कहा कि हमारी समाज देश के कई प्रदेशों में दलित (अनुसूचित जाति) समुदाय में आती है। धोबी समाज को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम के खिलाफ कानूनी कार्यवाई होनी चाहिये। समिति सदस्य सुमन रजक, ममता रजक, रोशनी रजक, रेखा रजक, रामवती रजक, गीता रजक, स्वाती रजक, मौजीलाल रजक, हेतराम रजक, राजकुमार रजक, अजय रजक, आदि ने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।